जयपुर (राजस्थान) से प्रकाशित एवं दिल्ली, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, गुजरात, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, बिहार, हिमाचल प्रदेश और झारखण्ड राज्यों में प्रसारित

(DAVP-CODE No. 120390) भारत सरकार का रजि. नं. 10311/1965


साप्ताहिक

# हमारा वतन

देश का अपना अखबार

ہمارا وطن ہفت روزہ

संस्थापित 1965



संस्थापक
स्व. श्री राजेन्द्र कुमार 'अजय'
स्वतंत्रता सेनानी



संरक्षक
बाबू लाल सैनी



सम्पादक
राम गोपाल सैनी

www.hamarawatan.com Follow us:- Hamarawatan | Hamarawatan65 | Hamarawatan3 | YouTube Hamarawatan

वर्ष- 58 | अंक-11 | जयपुर, सोमवार, 14 मार्च, 2022 | वार्षिक शुल्क 200 रुपये (एक प्रति 4 रु.) | पृष्ठ संख्या 4

# महिला सशक्तिकरण मतलबः जगविन्दर कौर

## वूमन वेलफेयर सोसाइटी ने आयोजित किया शो

**501 महिला शक्ति को दिया महिला गौरव अवॉर्ड**

**हजारों महिलाओं को किया स्वरोजगार के लिए प्रेरित**





## गोल्डन बेल्स अकैडमी के स्टूडेंट्स ने दी शानदार परफोर्मेंस

**हमारा वतन । राम गोपाल सैनी**

राजस्थान की राजधानी जयपुर में बहुत सी ऐसी संस्थाएं हैं जो महिला उत्थान के लिए कार्य कर रही हैं लेकिन वास्तविक रुप से चौमूं विधानसभा क्षेत्र स्थित वूमन वेलफेयर सोसाइटी सच्चे अर्थों में महिलाओं के उत्थान के कार्यों को सम्पादित कर रही है ।

**सशक्त महिला के हाथ में बागडोर-**

वूमन वेलफेयर सोसाइटी की बागडोर अध्यक्ष जगविन्द्र कौर के हाथ में है, जो एक सशक्त महिला के रूप में अपनी पहचान रखती हैं । महिलाओं की कोई भी परेशानी क्यों ना हो 24 घंटे अलर्ट रहती हैं । बच्चों को शिक्षित करने के लिए गोल्डन बेल्स अकैडमी के निदेशक के रूप में कार्य करते हुए स्टूडेंट्स को क्वालिटी एजुकेशन दे रही हैं साथ ही गरीब लड़कियों को गोद लेकर शिक्षा दीक्षा का पूरा खर्च उठा रही हैं ।



**501 महिलाओं को दिया अवार्ड-**

चौमूं शहर की वूमन वेलफेयर सोसाइटी द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर विभिन्न क्षेत्रों में अपनी विशिष्ट पहचान बनाने वाली 501 महिलाओं को 'महिला गौरव अवार्ड' से नवाजा गया ।

समारोह के मुख्य अतिथि चौमूं विधायक और प्रदेश भाजपा मुख्य प्रवक्ता रामलाल शर्मा, कार्यक्रम की अध्यक्षता सूरी इलेक्ट्रिक इंडस्ट्रीज नोएडा के सीईओ धैर्य सूरी, विशिष्ट अतिथि के रूप में एसएमएस हॉस्पिटल के सीनियर कोर्डियोलोजिस्ट डॉक्टर रामगोपाल यादव, सीनियर सॉफ्टवेयर डेवलपर मनु अरोड़ा, सूरी इंडस्ट्रीज डायरेक्टर हनी सूरी, वूमन वेलफेयर सोसाइटी कालाडेरा से कोऑर्डिनेटर राज कौर, महारकला सरपंच मीनू महेंद्र सैनी, वूमन वेलफेयर फेडरेशन प्रभारी संतोष यादव, जाटावाली सरपंच सुभाष जांगिड़, बीजेपी युवा मोर्चा के प्रकाश हाटवाल, ड्रग कंट्रोलर ऑफिसर जितेंद्र मीणा, कृष्णा कंस्ट्रक्शन कंपनी के डायरेक्टर राजेंद्र शर्मा, सच्चिदानंद स्कूल डायरेक्टर बाबूलाल कुमावत,गोल्डन बेल्स अकैडमी के प्रिंसिपल हिम्मत सिंह,मैनेजर सरोज चौधरी ने शिरकत की ।

**विधायक रामलाल शर्मा ने कहा-**

कि महिलाएं किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं है । महिलाएं वह सभी काम कर सकती हैं जो पुरुष करते हैं । महिलाओं का मान - सम्मान हमें करना चाहिए ।



**सोसायटी अध्यक्ष जगविंदर कौर ने कहा -**कि महिलाओं को अब आगे आना होगा और अपने हक की लड़ाई लड़नी होगी । सबसे बड़ा हक है शिक्षा, क्योंकि शिक्षा से ही हम सब कुछ हासिल कर सकती हैं । अगर शिक्षित हो गए तो हमें हमारे सभी अधिकार मिल जाएंगे । हमें खुद को घर से बाहर निकलना होगा तभी हम इस समाज को बदल पाएंगे ।

इस दौरान गोल्डन बेल्स अकैडमी के स्टूडेंट द्वारा एक से बढकर एक रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए । समारोह के दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, खिलाड़ियों , प्रतिभावान छात्र - छात्राओं, जरूरतमंद महिलाओं को भी सम्मानित किया गया । मंच संचालन नेहा शर्मा और संजय शर्मा ने किया । इस दौरान सोसाइटी मेंबर सरोज चौधरी, मोनिका शर्मा, बबीता सैनी, सीमा जांगिड़, शकुंतला सोगन, सीता यादव, मंजू कुमावत, भारती, रजनी सैनी,अन्नु महादेव,पूर्णिमा,भगवती गोरा आदि भी मौजूद रहे ।



## बदलना पड़ेगा

वक्त के साथ,
खुद को बदलना पड़ेगा,
जीते जी सब कुछ करना पड़ेगा।
हारना नहीं जीतना पड़ेगा,
बुरी आदतों को छोड़ना पड़ेगा,
जिंदगी के मैदान में हर,
वक्त लड़ना पड़ेगा।
वक्त के साथ,
खुद को बदलना पड़ेगा।
साथ ना होगा हर वक्त मां-बाप का,
दोस्त ना होगा,कोई भी तेरे साथ का।
बोलते हैं जो जान देने के लिए,
वक्त पे पता चलेगा,
क्या उनका भी साथ था।
वक्त के साथ,
खुद को बदलना पड़ेगा।
बदलना पड़ेगा खुद को,
ये सुन ले मेरी बात,
कोई तुम्हें गलत कहे तो तुम,
क्यों पीसते हो तुम्हारे दांत।
बुरे दिन बदलने के लिए,
जान सपनों के लिए लगानी ही पड़ेगी,
दूसरों से डरने की क्या बात है,
क्योंकि तेरा साथ तेरे खुद के साथ है।
वक्त के साथ,
खुद को बदलना पड़ेगा,
जीते जी सब कुछ करना पड़ेगा।



अनुराग वर्मा
कक्षा 7, शिवाजी पब्लिक स्कूल,चौमूं

# यूईएम के मेगा जॉब शिविर में उमड़ा युवाओं का सैलाब

## मेगा जॉब शिविर-2022 का हुआ आयोजन

- 1238 व्यक्ति साक्षात्कार में हुए शामिल
- 74 से अधिक टॉप कंपनियों ने की शिरकत
- 523 से अधिक युवाओं को मिला लाभ



**जयपुर (हमारा वतन)** उदयपुरिया मोड चौमूं स्थित निजी विश्विद्यालय यूनिवर्सिटी ऑफ़ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट (यूईएम) व राजस्थान सरकार- कौशल, रोजगार और उद्यमिता विभाग, के संयुक्त तत्वाधान में विश्विद्यालय कैंपस गुरुकुल, सीकर रोड, उदयपुरिया मोड़ चौमू -जयपुर में मेगा जॉब शिविर-2022 का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ गोविंदगढ़ पुलिस उप अधीक्षक राजेश ढाका, रोजगार विभाग निदेशक महेश शर्मा, कार्यकारी अध्यक्ष फोर्टी अरुण अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष वी के आई इंडस्ट्रीज एसोसिएशन जगदीश सोमानी, मनोज भारद्वाज, दीपक बल्लभ गोस्वामी, विवेक भारद्वाज- सहायक निदेशक रोजगार विभाग, यूनिवर्सिटी वाईस चांसलर प्रो डॉ बिस्वेजॉय चटर्जी , रजिस्ट्रार प्रो डॉ प्रदीप शर्मा, डीन प्रो डॉ अनिरुद्ध मुखर्जी आदि ने माँ सरस्वती की प्रतिमा के सामने दीप प्रज्वलित कर किया।

मेगा जॉब शिविर देश के सबसे बड़े प्लेसमेंट अवसरों में से एक है जहाँ 74 से अधिक टॉप कंपनियों ने शिरकत की । कुल ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन 1822 मे से 1238 युवा साक्षात्कार में शामिल हुए और उनमे से 523 से अधिक युवाओं को रोजगार/स्व रोजगार व प्रशिक्षण के अवसर प्रदान किए। इसमें फ्रेशर ग्रेजुएट, डिप्लोमा और स्टूडेंट्स जैसे बी.टेक, डिप्लोमा, बीबीए, बीसीए, बीएससी, बीकॉम, बी.ए., एमटेक, एमबीए, एमसीए, एम.एससी, एमए आदि के विद्यार्थी लाभान्वित हुए। विद्यार्थी jobmela.uem.edu.in पर ऑनलाइन पंजीकरण कर अपने स्लॉट के आधार पर शामिल हुए। जिसमे रजिस्ट्रेशन नि:शुल्क रखा गया।

यूनिवर्सिटी उप निदेशक प्रोजेक्ट संदीप अग्रवाल ने बताया की कार्यक्रम में शामिल होने वाली कंपनियों मे बैंक, जुकोल सर्विसेज , क्रेस कारपोरेशन लि , अक्ष ऑप्टिफिबर , जीनस पावर, महिमा रियल एस्टेट , महेन्द्रा फाइनेंस , लोरोम इंडिया , देव टेक्नोसिस , के पी आटोमोटिव्स , एक्सिस बैंक, आरडन टेलीकॉम, पूनो एडवेंचर , मार्केटिंग माइंडस , स्टार्टबीट IT सोलूशन्स , टेलीपरफॉर्मेन्स, सनराइज़ इमेज, कृति टेक्नोलॉजीज, मैजिक बस इंडिया फाउंडेशन, SVR ऑटो लिमिटेड , पिक्सयर्स सॉफ्टेक, तेजस डायनामिक लिमिटेड , अतुल फार्मा , फ्लिपकार्ट , ICICI बैंक , जस्ट डायल, मारुती, CNEL इंडिया आदि। यूनिवर्सिटी की और से सभी डिपार्टमेंट प्रमुखों के साथ साथ प्लेसमेंट विभाग के अनीश विश्वनाथ, शंकर सिंह, राजा सरकार , सचिन पाण्डेय, अनुज सेठी, उमेश गुरनानी, IEM कोलकाता के कृशानु बनर्जी, सुमन चक्रबर्ती आदि उपस्थित रहे।

# रुक्मणी कुमारी के स्टार फाउंडेशन ने किया 103 आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का सम्मान

## अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस सप्ताह को लेकर हुआ कार्यक्रम



**जयपुर (हमारा वतन)** स्टार फाउंडेशन द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर इंस्पायरिंग वूमेन ऑफ़ राजस्थान - सीजन 2 के तहत ग्राम मोरीजा स्थित चौमूं बाग में कोविड महामारी के दौरान चौमूं क्षेत्र में कोविड पीड़ितों और क्षेत्र के निवासियों के लिए उत्कृष्ट एवं अनुकरणीय कार्य करने वाली चौमूं उपखंड की 103 आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का सम्मान किया गया । समारोह में सीएम सलाहकार निरंजन आर्य,दांतारामगढ़ विधायक वीरेंद्र चौधरी, पीसीसी सचिव बालेंदु सिंह,गोविन्दगढ़ डिप्टी राजेश ढाका और सामोद थाना इंचार्ज पूजा पूनिया और अखिल भारतीय प्रोफेशनल कांग्रेस की प्रदेशाध्यक्ष रुक्मणी कुमारी ने सभी आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का प्रशस्ति पत्र और छाता देकर सम्मानित किया। इस दौरान फाग महोत्सव का भी आयोजन किया गया जिसमें राधा कृष्ण की सजीव झांकियों की झलकियां भी देखने को मिली । राधा कृष्ण की झांकी पर फूलों की बारिश की गई । इस मनोरम दृश्य को देखकर हर कोई मंत्रमुग्ध हो गया । वहीं सीएम के सलाहकार निरंजन आर्य ने भी इस कार्यक्रम तारीफ की। निरंजन आर्य ने कहा कि कोरोना काल के दौरान आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने जो काम किया वह मैंने सीएस रहते हुए खुद ने देखा है ।मैं सोचता हूं कि इन महिलाओं का सम्मान करने से इनकी हौसला अफजाई होगी । दातारामगढ़ विधायक वीरेंद्र सिंह ने इस कार्यक्रम का आयोजन करने के लिए रुक्मणी कुमारी की तारीफ की । वहीं पीसीसी सचिव बालेंद्र सिंह ने भी कार्यक्रम की तारीफ की और उन्होंने कहा कि महिलाओं का हर दिन सम्मान होना चाहिए । रुक्मणी कुमारी ने कहा कि आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने कोरोना काल के दौरान अपने घर को छोड़कर लोगों की सेवा की है । इनका सम्मान करने का हक़ तो बनता है ।






## समाजसेवी मंजीत अरोड़ा शक्ति स्वरूपा अवार्ड से सम्मानित

**जयपुर (हमारा वतन)।** समाज सेवा को समर्पित एक ऐसी महिला जो 24 घंटे सभी की सेवा को समर्पित रहती हैं । जी हां हम बात कर रहे हैं मंजीत अरोड़ा की जिनको महिला दिवस पर शक्ति स्वरूपा अवार्ड से सम्मानित किया गया । मंजीत अरोड़ा ने कहा कि टीवी मीडिया ग्रुप के द्वारा मुझे जो सम्मान दिया गया है, यह मेरा नहीं यह उन सभी महिलाओं को समर्पित है उन्होंने अपने जीवन में संघर्ष कर अपना एक नया मुकाम हासिल किया है और जो प्रतिदिन समाज सेवा को समर्पित है । कार्यक्रम का आयोजन टीवी मीडिया ग्रुप के द्वारा मानसरोवर स्थित तक्षशिला बिजनेस स्कूल ऑडिटोरियम में किया गया । कार्यक्रम अतिथि सुरेंद्र सिंह साजवान ,अलवेना विल्सन और साधना मेसी आदि रहे ।

## एएमपीएल- 2022 के पांचवे संस्करण में किताब के लिए होगा के बीच मुकाबला

**जयपुर (नि.सं.)।** अग्रवाल वैश्य जागरूक मंडल समिति देवी नगर के तत्वावधान में चल रहे एएमपीएल-2022 के आज सेमीफाइनल मुकाबले वर्धमान इंटरनेशनल स्कूल, शिप्रा पथ, मानसरोवर में खले गए। पहला सेमीफाइनल मुकाबला मालवीय नगर चैलेंर्ज और टोंक रोड स्टार के बीच खेला गया जिसमें स्टार ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी की और चैलेंर्ज को अपने निर्धारित 10 ओवर में 3 विकेट खो कर 110 रन बनाने दिए। जिसके जवाब में स्टार 5 को विकेट खोकर मात्र 70 रन ही बना सकी। इस मुकाबले की प्लेयर ऑफ द मैच रही दया डेरेवाला रही जिन्होने 30 गेंदों में नाबाद 70 रन की आतिशी पारी खेली जिसमें 7 चौके और 5 गगनचुंबी छक्के शामिल थे। दूसरा सेमी फाइनल मैच अग्रवाल फार्म ब्लास्टर्स और सुभाष नगर सनराइजर्स के बीच खेला गया।

# डॉ.सुनीता कुमावत को पूर्व मुख्यमंत्री ने किया सम्मानित

**जयपुर (हमारा वतन)।** देवी लाल मेमोरियल आई हॉस्पिटल चौमूं एवं किशनगढ़-रेनवाल की चेयरपर्सन एवं वरिष्ठ नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. सुनीता कुमावत को हेल्थ केयर सेक्टर में उनके उत्कृष्ट कार्यों हेतु अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर बिजनेस वुमन ऑफ ईयर 2022 के अंतर्गत पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे सिंधिया ने सम्मानित किया । हॉस्पिटल निदेशक विमल कुमावत ने बताया की ग्रामीण क्षेत्र में हमारे हॉस्पिटल द्वारा शहरों जैसी सुविधाएँ और उपचार किया जाता है ।




मरीजों के विश्वास से हॉस्पिटल नित नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है ।

# जयपुर की डॉ.चन्द्रकला गोठवाल बनी मिसेज इंडिया 2022

**जयपुर (हमारा वतन)** जयपुर की डॉ.चन्द्रकला गोठवाल ने फिल्म नगरी मुम्बई के अन्धेरी में मिसेज इंडिया विनर 2022 का खिताब जीता । 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर मुम्बई महाराष्ट्र में अंधेरी के मेयर हॉल फिल्म सिटी में मिस एंड मिसेस इंडिया प्रतियोगिता रखी गयी। डॉ. कृष्णा चौहान डायरेक्टर द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में विनर का खिताब जीतकर डॉ. चंद्रकला ने एक बार फिर मिसाल कायम की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ परीन सोमानी, भूतपूर्व मिसेज इंडिया, मल्टीनेशनल अवार्ड विनर, ऐ सी पी बाजीराव महाजन रेल्वे मुम्बई, डॉ दीपा नारायण झा,प्ले बेक सिंगर, नेशनल अवार्ड विनर मुख्य अतिथि (जूरी टीम) थे । सुजाता शर्मा, वोल्वो फैशन डिजाइनर, ब्रांड एम्बेसडर, सिंगापुर, सरला पांडे, फैशन डिजाइनर द्वारा नवाजा गया। वहाँ मौजूद कॉमेडी एक्टर, एहसान कुरेशी, जीनत एहसान कुरैशी व एक्टर हर्षाली मल्होत्रा ने शिरकत कर कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। डॉ. चंद्रकला एक सरकारी राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय, तेलीपाडा , चौड़ा रास्ता में सीनियर अध्यापिका है । साथ ही अपने आप को हर समय सामाजिक काम में व्यस्त रखकर लोगो के जीवन मे सकारात्मक बदलाव लाने के लिए अथक प्रयास करती हुई नजर आती है। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखकर उन्होंने अपनी एक संस्था भी स्थापित की जिसका नाम चन्द्रकला चैरिटेबल ट्रस्ट रखा । हर कार्य को वह सकारात्मक सोच विचार कर समाज कल्याण पर कार्य करती है। अपने जीवन मे कभी नही थककर बैठना है, हर समय उन्हे लोगो के बीच सहयोग करते हुए देखा , इस अपनेपन के व्यवहार ने उन्हे इस मुकाम पर लाने में मदद की व उनके जीवन का सामाजिक योगदान ही मुख्य लक्ष्य है।




## जॉब्स

1. भारतीय नौसेना, पद ट्रेड्समैन, पद संख्या 1531, अंतिम तिथि 30 मार्च 2022
2. सेंट्रल इंडस्ट्रियल सिक्योरिटी फोर्स (सीआईएसएफ), पद हेड कांस्टेबल, पद संख्या 249, अंतिम तिथि 31 मार्च 2022
3. बैंक नोट प्रेस देवास, पद जूनियर टेक्नीशियन, पद संख्या 81, अंतिम तिथि 28 मार्च 2022
4. राजस्थान स्टाफ सिलेक्शन बोर्ड (आरएसएसएमएसएसबी), पद लाइव स्टॉक असिस्टेंट, पद संख्या 1136, अंतिम तिथि 17 अप्रैल 2022
5. बिहार पब्लिक सर्विस कमीशन, पद हेड मास्टर, पद संख्या 6421, अंतिम तिथि 28 मार्च 2022,
6. स्मॉल इंडस्ट्रीज डेवलपमेंट बैंक ऑफ़ इंडिया, पद असिस्टेंट मैनेजर, पद संख्या 100, अंतिम तिथि 24 मार्च 2022
7. दिल्ली हाई कोर्ट, पद ज्यूडिशल सर्विस, पद संख्या 123, अंतिम तिथि 20 मार्च 2022
8. बैंक ऑफ बड़ौदा, पद स्पेशलिस्ट ऑफिसर, पद संख्या 105, अंतिम तिथि 24 मार्च 2022

## माली समाज में सावित्री बाई फुले की पुण्यतिथि पर हुआ पुष्पांजलि कार्यक्रम

**जयपुर (हमारा वतन)।** महात्मा ज्योतिराव फुले विकास संस्थान अध्यक्ष शंकर लाल सैनी के नेतृत्व में सावित्री बाई फुले की पुण्यतिथि पर पुष्पांजलि कार्यक्रम सैनी समाज सभा भवन पर आयोजित किया गया। संस्थान संरक्षक प्रहलाद सहाय अधोपिया ने सावित्री बाई फुले द्वारा महिला शिक्षा पर उनके योगदान पर चर्चा की। इस अवसर पर मंत्री ओमकार तंवर, सायर सिंह तंवर अध्यक्ष भवन निर्माण समिति, उपाध्यक्ष राज कुमार कांकरवाल, ओम भगत,मदन लाल मालेरिया, सुवालाल सिंगोदिया, अर्जुन लाल सिंगोदिया,अनिल कुमार सैनी, कैलाश चंद सैनी, रामेश्वर चांदोलिया, नानगराम सैनी, मोहन लाल तंवर, मोहन लाल सिंगोदिया, रमेश चंद तंवर आदि उपस्थित रहे।




# अपने परिवेश की कविताएँ

## दीपिका पादुकोण

### ने बोल्डनेस से बढ़ाया पारा, हॉटनेस से ढाया कहर

बॉलीवुड एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण का नाम उन सितारों में शुमार है, जिन्होंने अपनी मेहनत से अपनी तगड़ी फैन फॉलोइंग और सिनेमा में बड़ा नाम बनाया है। दीपिका पादुकोण सोशल मीडिया पर खूब एक्टिव रहती हैं और अक्सर अपने फोटोज और वीडियोज शेयर करती हैं। इस बीच दीपिका ने अपने कुछ फोटोशूट्स शेयर किए हैं, जो तेजी से वायरल हो रहे हैं। इन तस्वीरों में दीपिका पादुकोण का ग्लैमरस अंदाज नजर आ रहा है।



**दीपिका का फोटोशूट**-दीपिका पादुकोण ने इंस्टाग्राम पर अपने कुछ फोटोज और वीडियो शेयर किए हैं। दीपिका के ये फोटोशूट एक मैग्जीन के लिए करवाए गए हैं। इन फोटोज में दीपिका के अलग अलग अंदाज नजर आ रहे हैं और फैन्स को सभी काफी पसंद आ रहे हैं। दीपिका इन तस्वीरों में काफी ग्लैमरस दिख रही हैं। दीपिका के इन फोटोज पर फैन्स के साथ ही कई सेलेब्स ने भी कमेंट किया है।

**दीपिका का इंस्टा स्वैग**-बता दें कि दीपिका पादुकोण के फोटोज अक्सर सोशल मीडिया पर वायरल होते हैं। दीपिका कभी देसी तो कभी बोल्ड अवतार में अपने फोटोज शेयर करती रहती हैं। वहीं गहराइयां के वक्त से दीपिका सोशल मीडिया पर अधिक एक्टिव हो गई हैं।

## काजोल की बहन तनिषा मुखर्जी को शादी के लिए चाहिए ऐसा लड़का, रिलेशनशिप को लेकर कही ये बात

काजोल की सगी बहन तनिषा मुखर्जी बॉलीवुड में कुछ खास कमाल नहीं दिखा पाई लेकिन वह अपनी निजी जिंदगी को लेकर आए दिन सुर्खियों में बनी रहती हैं। नील एंड निक्की, सरकार, टैंगो चार्ली, अन्ना और सरकार राज जैसी फिल्मों में काम कर चुकीं तनिषा का नाम पिछले कुछ वक्त से अरमान कोहली के साथ जोड़ा जाता रहा है। सोशल मीडिया पर आने वाली तस्वीरें कुछ भी कहें लेकिन तनिषा रिलेशनशिप के सवालों पर खामोश ही रही हैं। हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान उन्होंने अपनी निजी जिंदगी पर खुलकर बात की।तनिषा ने कहा कि प्यार में पड़ना बहुत एक्साइटिंग होता है जब चीजें नई-नई होती हैं। उन्हें तो उस इंसान की तलाश है जिसके साथ वो बोर हो सकें। जब अपनी निजी जिंदगी को लेकर खामोश रहने के बारे में पूछा गया तो तनिषा ने खुलकर कहा कि वह अपनी निजी जिंदगी को निजी ही रखना पसंद करती हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि वह जब भी शादी का फैसला लेंगी तो इस बारे में खुलकर ऐलान करेंगी। तनिषा ने कहा कि अभी वह पूरी तरह अपने काम पर फोकस करना चाहती हैं। उन्होंने बताया कि वह अभी उन प्रोजेक्ट्स पर काम कर रही हैं जिन्हें वो प्रोड्यूस करना चाहती हैं और साथ ही साथ वह तमाम अलग-अलग स्क्रिप्ट पढ़कर उन कहानियों की तलाश कर रही हैं जिनमें वह बतौर एक्ट्रेस काम करना चाहती हैं। तनिषा ने कहा कि वह उन फिल्मों में भी काम करना चाहेंगी जो उन्हें मल्टी लेयर वाला ग्रे कैरेक्टर करने को दे। ओटीटी को लेकर तनिषा ने कहा कि इसने ऑडियंस का माइंड ओपन किया है और महिलाओं को मल्टी लेयर किरदार करने का मौका दिया है। उन्होंने ओटीटी के बारे में कहा कि इसने लोगों और मेकर्स के लिए संभावनाओं के नए दरवाजे खोल दिए हैं और वह अब इंडस्ट्री में और ज्यादा फीमेल प्रोड्यूसर्स और डायरेक्टर्स देखना चाहती हैं।



## सामंथा रुथ प्रभु ने ऐसी ड्रेस पहनकर मारी अवॉर्ड शो में एंट्री, लोग बोले चादर ओढ़ ली है क्या?


साउथ फिल्म इंडस्ट्री की जानी-मानी एक्ट्रेस सामंथा रुथ प्रभु ट्रोलर्स के निशाने पर हैं। दरअसल बीती रात ही पुष्पा एक्ट्रेस एक अवॉर्ड शो में हिस्सा लेने पहुंची थी। इस दौरान एक्ट्रेस ने ऐसी ड्रेस पहनी थी कि अब लोग उनकी खिल्ली उड़ा रहे हैं। सामंथा रुथ प्रभु ने इस ड्रेस में ली गई अपनी कई तस्वीरों को इंस्टाग्राम पर भी शेयर किया है। ब्लैक और डार्क ग्रीन रंग के गाउन में सामंथा बेहद ही बोल्ड नजर आ रही हैं।इन तस्वीरों में सामंथा रुथ प्रभु का कॉन्फिडेंस देखते ही बन रहा है। सोशल मीडिया पर सामंथा की यह तस्वीरें छाई हुई हैं।खूबसूरत गाउन में सामंथा रुथ प्रभु ने कई बोल्ड पोज दिए हैं लेकिन इसी ड्रेस के चलते अब उन्हें जमकर ट्रोल किया जा रहा है।दरअसल अवॉर्ड शो से सामंथा रुथ प्रभु के कई वीडियो सामने आए हैं। कई वीडियो में सामंथा की ड्रेस को लोग संभालते हुए नजर आ रहे हैं।पीछे की ओर से सामंथा रुथ प्रभु की ड्रेस काफी लम्बी है। एक यूजर ने उनकी इस ड्रेस पर कॉमेंट किया है, क्या जल्दबाजी में चादर ही लपेट आई हैं आप? एक दूसरे शख्स ने लिखा है, पूरे इवेंट में पोछा लगा रही है आपकी ड्रेस...। वर्क फ्रंट की बात करें तो सामंथा हाल ही में अल्लू अर्जुन की फिल्म पुष्पा के ऊ अंटावा गाने में नजर आई हैं। सामंथा जल्द ही बॉलीवुड की कई फिल्मों में भी नजर आने वाली हैं।



**वरुण धवन और सामंथा की मुलाकात के बाद फिर शुरू हुई Citadel के हिंदी वर्जन की चर्चा, फैन्स हुए बेताब**-बीते साल दिसंबर के महीने में खबर आई थी कि वरुण धवन और सामंथा रुथ प्रभु एक्शन एडवेंचर स्पाई ड्रामा वेब सीरीज में नजर आ सकते हैं। रिपोर्ट्स में दावा किया गया कि यह वेब सीरीज एंथनी और जो रूसो की अमेरिकी ड्रामा सीरीज सिटाडेल का हिंदी वर्जन हो सकती है।

## (पुस्तक समीक्षा)

**कृति-आजकल मैं खुलकर जीती हूँ**
**विधा-काव्य**
**कृतिकार-योगिता जोशी**
**प्रकाशक-सहित्यागर**
**धमानी मार्केट की गली**
**चौड़ा रास्ता,जयपुर**
**संस्करण-2022**
**पृष्ठ-132**
**मूल्य-225 रुपये**




कोई भी रचनाकार जब अपनी भावनाओं को शब्दों रूपी माला में पिरोकर उसे मूर्त रूप देता है तो भावनाएं सृजन के लिए विधाएं खोज ही लेती हैं। किसी भी रचनाकार की उपलब्धि इस बात में निहित होती है कि वे अपने आस -पास,अपने परिवेश और समकालीन घटनाओं एवं परिस्थितियों को अपनी रचनाओं में स्थान दें। काव्य जगत में तेजी से स्थान बनाती जयपुर की कवयित्री योगिता जोशी का पहला काव्य संग्रह 'आजकल मैं खुलकर जीती हूँ 'हुबहू ऐसा ही है । इस काव्य संग्रह में 85 कविताएँ हैं जो पाठकों के मन में ऊर्जा भरती है,कई सवाल खड़े करती है,कुछ रचनाएँ पाठकों के मन को झकझोर कर रख देती है। अपने तरीके की बिल्कुल अनूठी रचनाएँ । इस काव्य संग्रह की कविताओं को अपने परिवेश की कविताएँ भी कहे तो अतिश्योक्ति नहीं होगी । आजकल मैं खुलकर जीती हूँ कि रचनाओं में विविधता है।


समीक्षक- इकराम राजस्थानी
प्रसिद्ध साहित्यकार,गीतकार,कवि

इसमें कोरोना पर भी दो रचनाएँ हैं, घबराए यमराज और कोरोना का मंजर कवयित्री ने अपनी रचनाओं में प्रकृति,बसंत ऋतु, फूल,पानी,नदी, पेड़ आदि को स्थान दिया है। बदलाव की बेचैनी या तीव्र इच्छा भी कवयित्री ने अपनी रचनाओं के जरिए मुखर की है। बदलाव के सुनहरे स्वप्न इनकी रचनाओं में झिलमिलाते नजर आते हैं।

जिंदगी कई उतार-चढावों का मेल है,जिसे रचनाकार ने बखूबी समझा एवं महसूस किया है। सुख - दुख तो जीवन रूपी सिक्के के दो पहलू मात्र हैं। कवयित्री की जिंदादिली का अंदाजा हम इन दो पंक्तियों से लगा सकते हैं जब वे कहती हैं-

**कभी गमों का सैलाब**
**जिंदगी है , कभी खुशियां**
**बेशुमार जिंदगी है**

कवियत्री स्वयं स्त्री होने के नाते स्त्री जीवन को अपनी रचनाओं के माध्यम से बहुत मार्मिक ढंग से पेश करने में सक्षम रही है । ये स्त्रियां,आज की नारी,मां,मातृत्व,शक्ति स्वरूपा,पत्नी माँ और बहू आदि रचनाओं में रचनाकार ने स्त्री के प्रति अपनी भावनाओं को बहुत सुंदर तरीके से व्यक्त किया है। पुस्तक में कविताएँ कैसी हैं? विषय क्या है? इनका अंदाजा हम सिर्फ शीर्षक देखकर नहीं लगा सकते । कृति को वास्तविकता मे समझने के लिए इसके अंदर छिपी एक -एक कविता को पढ़ना पड़ेगा। हर रचना कुछ अलग बयाँ करती है। इस काव्य संग्रह के बारे में यह कहना भी सटीक है कि इसकी हर रचना पठनियता की मांग करती है। कविताओं को पढ़ने से स्पष्ट हो जाता है कि कवयित्री एक संवेदनशील महिला भी है जो इनकी कविताओं में साफ दिखाई देती है । **सर शर्म से झुक जाता है, नींद नहीं आती है ,सबसे बड़ा रुपैया एवं पत्थरों के शहर में** आदि कविताएँ सामाजिक विसंगतियों और व्यवस्थाओं पर चोट करती है।

बहुत सी कविताएँ पाठकों के मन में एक नई ऊर्जा भी प्रभावित करती हैं। इस कृति में कवयित्री ने अपने परिवेश के तीज-त्योहारों का भी वर्णन बहुत खूबसूरती से किया है । इसलिए यह कहना सार्थक है कि कवयित्री योगिता जोशी के काव्य संग्रह की कविताएँ अपने परिवेश की कविताएँ हैं। मेरी सुभेच्छा सदैव इनके साथ है।

## हर डाइट हर उम्र में फायदेमंद नहीं होती जानिए कौन सी डाइट है आपके लिए उपयुक्त

एक महिला के लिए स्वस्थ भोजन उम्र के साथ विकसित होता है, और आपको अपने आहार में बदलाव करते रहना चाहिए। एक विशेषज्ञ आपको बता रहे हैं कि आपको कब, क्या खाना चाहिए। आइए यह समझने की कोशिश करें कि एक महिला के लिए स्वस्थ भोजन कैसा होना चाहिए। हमें अपने शरीर को क्या खिलाना चाहिए ताकि हम अपने जीवन के बदलते चरणों में अच्छे स्वास्थ्य का आनंद उठा सकें? चाहे आप ऑनलाइन कक्षाओं में भाग लेने वाले छात्र हों या इन दिनों घर से काम करने वाले कॉर्पोरेट कर्मचारी। या एक गृहिणी जिसे कभी एक पल का आराम नहीं मिलता है या हो सकता है कि आप इनमें से कोई न हों। लेकिन एक महिला के रूप में, आपको यह जानना होगा कि आपके लिए कौन सा आहार सही है। इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि इसका सेवन कब करना चाहिए।

**टीनेज में एक महिला के लिए स्वस्थ भोजन**-जब से आप टीनेज हैं, तब से आप क्या खाते हैं



यह परिभाषित करेगा कि आने वाले वर्षों में आपका स्वास्थ्य कैसा होगा। पोषक तत्वों की जरूरत आपके जीवन-चक्र में किसी भी समय की तुलना में अधिक है। चूंकि किशोरावस्था तेजी से विकास का समय है। इसलिए एक संतुलित आहार खाना महत्वपूर्ण है। उचित हार्मोनल संतुलन के लिए स्वस्थ भोजन आवश्यक है।मछली, एवोकाडो, नट्स और ऑलिव ऑयल जैसे हेल्दी फैट का सेवन करके फिट रहना चाहिए। इस स्तर पर मासिक धर्म की शुरुआत अक्सर कम हीमोग्लोबिन का कारण बनती है। इसलिए आयरन, प्रोटीन से भरपूर भोजन पर भार डालें और प्रोसेस्ड चीनी, सैचुरेटेड और ट्रांस-फैट युक्त जंक फूड से बचें। **30 से कम उम्र की महिला के लिए स्वस्थ भोजन**-यदि आपकी उम्र 30 वर्ष से कम है, तो यह आपके लिए कैल्शियम का सेवन बढ़ाने का एक अच्छा समय है। यदि महामारी जारी रहती है कि आप कितना धूप विटामिन अवशोषित कर सकते हैं, कैल्शियम के अवशोषण को सक्षम करने के लिए विटामिन डी को अपने आहार में शामिल करें।



टिकिट

हमारा वतन साप्ताहिक
HamaraWATANWeekly संस्थापित 1965 ہمارا وطن ہفت روزہ
राष्ट्रीय विचारधारा की सर्वोत्तम अभिव्यक्ति का प्रतीक

क्या ख़ाक़ लिखे कोई, बरगश्ता ज़माना है,
कांटों पै भी चलना है, दामन भी बचाना है।

### अति आवश्यक सूचना

पाठकों व विज्ञापनदाताओं से निवेदन है कि जिनका सालाना सदस्यता शुल्क व विज्ञापनों का भुगतान नहीं हो पाया है वे अपना शुल्क 'हमारा वतन वीकली के नाम से खाता संख्या 61079058819' एसबीआई (IFSC Code- SBIN0004227) में या 9214996258 पर फोन-पे, पेटीएम, गुगल-पे पर जमा कराकर सूचित करें।

– सम्पादक

पुनीत प्रतिष्ठा में :-

## बेसहारा गाय की समस्या का सामाजिक स्तर पर कैसे हो समाधान



राम गोपाल सैनी

उत्तर प्रदेश समेत सभी पांच राज्यों में संपन्न विधानसभा चुनावों के परिणाम आ चुके हैं। उत्तर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी पूर्ण बहुमत के साथ एक बार फिर सत्ता में आई है। निश्चित तौर पर योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में शासन-प्रशासन के संचालन में व्यापक परिवर्तन हुआ है, परिणामस्वरूप लोगों ने एक बार फिर उन्हें ही राज्य की सत्ता सौंपी है। परंतु उत्तर प्रदेश में बेसहारा पशुओं से किसानों को होने वाली परेशानी किसी से छिपी नहीं है। चुनावों में किसानों की यह समस्या दूर करने का मुद्दा भी राजनीतिक दलों ने उठाया था। दो वर्ष पहले केंद्रीय पशुपालन मंत्रालय ने इनकी गणना का आंकड़ा पेश किया था। इसमें बेसहारा पशुओं की संख्या 50 लाख बताई गई थी, जो निरंतर बढ़ रही है। हालांकि सरकार राष्ट्रीय गोकुल मिशन के माध्यम से इन्हें गौशालाओं और अन्य आश्रय स्थलों पर भेजने में जुटी है, परंतु इस समस्या का पर्याप्त निदान नहीं हो सका है। भारत दुनिया में दुग्ध उत्पादन के मामले में आज शीर्ष पर है। देश में दुग्ध उत्पादन 15 करोड़ लीटर प्रतिदिन है। हैरत की बात है कि औसत खपत 65 करोड़ लीटर प्रतिदिन है। उत्पादन और खपत के बीच 50 करोड़ लीटर का अंतर मामूली नहीं है। मिल्क पाउडर से बने दूध के बावजूद बड़ी मात्रा में आपूर्ति मिलावटी दूध से ही होती है। वस्तुतः यूरिया, डिटर्जेंट, अमोनियम सल्फेट, कास्टिक सोडा जैसे रसायनों से बना दूध जहर के समान है। इस बीच बेसहारा गायों की समस्या के साथ ही यह भी मुंह बाए खड़ी है। दोनों ही समस्याएं आपस में जुड़ी हुई है। दूध को अमृत के समान माना जाता है। यह गुण कायम रखने से दोनों समस्याओं का समाधान होता है। आंकड़ों में 12.7 लाख बेसहारा गायों के साथ राजस्थान शीर्ष पर है। उत्तर प्रदेश में यह संख्या 10.18 लाख, मध्य प्रदेश में 8.53 लाख, गुजरात में 3.43 लाख और छत्तीसगढ़ में 1.84 लाख है। साथ ही महाराष्ट्र, पंजाब, ओडिशा व बंगाल जैसे राज्यों में भी यह समस्या है। इसकी जड़ श्वेत क्रांति के युग में मिलती है। इसने पशुओं का रंग, रूप, नस्ल सब बदल दिया।

## पंडित रविंद्र आचार्य की एक बार फिर सटीक हुई भविष्यवाणी

**जयपुर (हमारा वतन)।** तारा ज्योतिष साधना केंद्र के अध्यक्ष और अंतरराष्ट्रीय भविष्यवक्ता पंडित रविंद्रआचार्य ने यूपी चुनावों को लेकर पिछले दिनों भविष्यवाणी की थी कि यूपी में योगी आदित्यनाथ ही होंगे मुख्यमंत्री। जो सटीक साबित हुई । पंडित रविंद्रआचार्य ने बताया कि योगी आदित्यनाथ का जन्म 05 जून 1972 को अपरान्ह 12 बजे पंचूर, पौड़ी गढ़भाल, उत्तराखंड में हुआ था । योगी आदित्यनाथ की जन्मकुण्डली में सिंह लग्न, कुंभ के चन्द्रमा तथा पूर्व भाद्रपद नक्षत्र के द्वितीय चरण, लग्न स्वामी सूर्य तो राशि स्वामी शनि है।विधानसभा चुनाव के समय ग्रहों की दैनिक गोचर अत्यंत प्रतिकूल



है । शनि की अन्तर्दशा 24 फरवरी 2023 तक चलेगी। यह अन्तर्दशा प्रतिकूल व विघ्नकारी है। दैनिक ग्रहों की स्थिति, गोचर के फलस्वरूप योगी आदित्यनाथ को परेशानियों का सामना पड़ सकता है पर 13 फरवरी 2022 को कुंभ राशि में सूर्य प्रवेश हो गया है । मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ही होंगे ।

## रणथंभौर में भिड़े दो टाइगर

सवाई माधोपुर(वि.सं.)। रणथंभौर नेशनल पार्क में एक बार फिर दो टाइगर की टेरिटोरियल फाइट देखने को मिली। वन विभाग के ट्रैप कैमरों में दोनों लड़ाई करते हुए दिखाई दिए हैं। नेशनल पार्क में लगातार टाइगर की संख्या बढ़ने के कारण लगातार टेरिटोरियल फाइट की घटनाएं सामने आ रही हैं। टाइगर रिजर्व के डीएफओ महेन्द्र शर्मा ने बताया कि झालरा वन क्षेत्र में जोगी महल के पास दो टाइगर के बीच टेरिटोरियल फाइट हुई। लड़ाई में बाघ टी-120 के बाएं पैर में चोट आई है। चोट के कारण वह लंगड़ाकर चल रहा है। घायल बाघ की लगातार मॉनिटरिंग कराई जा रही है।



## 53 हजार खाटू श्यामजी पद यात्रियों को निःशुल्क दर्द निवारक तेल की शीशी वितरण की गई

जयपुर (हमारा वतन) भारतीय योग आयुर्वेद एवं प्राकृतिक चिकित्सा अनुसंधान संस्थान चौमूं द्वारा खाटू श्यामजी मेला पद यात्रियों के लिए निःशुल्क दर्द निवारक औषधि एवं दर्द निवारक औषधीय तेल का वितरण शिविर लगाया गया। शिविर में पद यात्रियों के गर्म पानी से पैर धोना, पैरों की मालिश करना, एक्यूप्रेशर व भाप लगाकर चिकित्सा की गई । शिविर में 53 हजार पद यात्रियों को निशुल्क दर्द निवारक तेल की शीशी वितरण की गई ।

## पूजा इंटरनेशनल स्कूल में हुआ अभिभावक सम्मान समारोह

**चौमूं (हमारा वतन)।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर चौमूं शहर के मोरिजा रोड, गोविंद नगर स्थित पूजा इंटरनेशनल स्कूल में अभिभावक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया । स्कूल निदेशक पंकज खंडेलवाल ने बताया कि समारोह के दौरान 500 से अधिक महिलाओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया । स्कूल के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया । प्रिंसिपल पूजा खंडेलवाल ने बताया कि इस प्रकार के कार्यक्रम करने से महिलाओं को आगे बढ़ने का मौका मिलता है, जिससे एक अच्छे समाज की स्थापना की जा सकती है । मंच का संचालन राजेंद्र यादव और संजय शर्मा ने किया । लड़ाई में बाघ टी-120 के बाएं पैर में चोट आई है। चोट के कारण वह लंगड़ाकर चल रहा है। घायल बाघ की लगातार मॉनिटरिंग कराई जा रही है।




## आम आदमी पार्टी की पंजाब चुनाव में प्रचंड जीत का चौमूं के कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न

**जयपुर (हमारा वतन)।**आम आदमी पार्टी की पंजाब विधानसभा चुनाव में प्रचंड जीत की खुशी में आम आदमी पार्टी चौमूं के कार्यकर्ताओं द्वारा मिठाई वितरण व आतिशबाजी करते हुए गाजे-बाजे से गढ़ गणेश मंदिर में धोक लगाकर नगरपालिका के सामने बस स्टैंड चौमूं पर जीत का जश्न मनाया गया ।





## राजस्थान कल्चर हेरिटेज सीजन - 2 का लुक लॉन्च

**जयपुर (हमारा वतन)।** आहूजा प्रोडक्शन द्वारा पिंकसिटी जयपुर वैशाली नगर स्थित ज्वेलर्स बेंक्वेट एंड रिसोर्ट में राजस्थान कल्चर हेरिटेज सीजन 2 का लुक लॉन्च किया गया ।

डायरेक्टर देवेश आहूजा ने बताया कि सीजन टू का आयोजन इस माह के अंत तक किया जाएगा । इसमें राजस्थान प्रदेश के कल्चर और पहनावे को बढ़ावा देने के लिए ही सीजन टू का आयोजन किया जा रहा है । शूट में अहम भूमिका फिल्म और टेलीविजन एक्ट्रेस सफक नाज की रही । सुपर मॉडल मोना गौतम, अक्षिता, अनमोल, नीरजा द्वारा शूट को संपूर्ण किया गया । राजस्थान के आर्ट व संस्कृति को ध्यान में रखते हुए बोधीट्री द्वारा आउटफिट व रघुवंशी ज्वेलर्स द्वारा ज्वेलरी को डिजाइन किया गया है ।

राजस्थान के सौंदर्य व आज की नई जनरेशन को ध्यान में रखते हुए मॉडल के लुक को तैयार किया गया है, इससे सौंदर्य शूट को छायाकार द्वारा शूट किया गया है ।

खबरों, विज्ञापन एवं सदस्यता के लिए सम्पर्क करें ।
Email-
hamarawatan65@gmail.com
9214996258, 7014468512



हमारा वतन




हमारा वतन की ओर से सभी देश वासियों को होली की हार्दिक शुभकामनाएं

Mohan Lal Jitarwal
Jaisingh Jitarwal
मोनिका प्रिन्टर्स
WE DESIGN , PRINT & PROMOTE...YOU !
थाना मोड़, चौमूँ
फ्लैक्स/विनायल | ऑफसेट प्रिन्टिंग | पोस्टर / पम्पलेट | बिल-बुक | लेटर हेड
शादी कार्ड | सवामणी कार्ड | स्क्रीन प्रिन्टिंग | विजिटिंग कार्ड | आई - कार्ड
हमारे यहाँ प्रिन्टिंग से सम्बन्धित सभी कार्य उचित रेट पर किये जाते है
तथा चुनाव से सम्बन्धित सामग्री उचित रेट पर तैयार की जाती है ।
एक बार सेवा का मोका अवश्य दें
Contact Us: 9785850646, 8946910073, 7610022192
monikaprinters68@gmail.com

RNI No. 10311/1965
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, सम्पादक राम गोपाल सैनी के लिए उदय प्रिन्टर्स 43 ए, माली कॉलोनी, चांदपोल बाहर, जयपुर से मुद्रित तथा वार्ड नं.1, सामोद रोड़ नीमड़ी, ग्राम-मोरीजा, तहसील-चौमूँ, जिला-जयपुर से प्रकाशित , मो. 9214996258, 7014468512
संरक्षक : बाबूलाल सैनी मोः 7296873757
सहायक सम्पादकः राकेश तिवाड़ी
प्रबंध सम्पादक : वली मोहम्मद कुरैशी, मो. 9929610759
सभी प्रकार के वाद-विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर शहर होगा